आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार — 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 15 ● कटनी ● बुधवार, 16 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



रविदास जयंती

## डिस्को किंग संगीतकार ,गायक बप्पी लाहिड़ी नहीं रहे

**मुंबई।** बीते दिनों ही म्यूजिक इंडस्ट्री का सबसे खूबसूरत सितारा कही जाने वाली लता मंगेशकर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अब बप्पी लहरी का निधन म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। बप्पी दा के नाम से मशहूर बप्पी लहरी ने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी धुन और गानों से एक अलग तरह का ही राग छेड़ा था। 80 और 90 के दशक में भारत में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले संगीतकार और गायक बप्पी लाहिड़ी का आज मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। अस्पताल के निदेशक डॉ दीपक नामजोशी ने एजेंसी को बताया कि श्री लाहिड़ी को एक महीने के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था और सोमवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। लेकिन मंगलवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनके परिवार ने एक डॉक्टर को उनके घर बुलाया। उन्हें फिर अस्पताल लाया गया। उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याएं थीं। उनकी मृत्यु हो गई। आधी रात से कुछ समय पहले ओएसए (ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया) के कारण।



बप्पी लाहिड़ी, जिन्हें व्यापक रूप से भारत में डिस्को किंग के रूप में जाना जाता है, का जन्म 1952 में पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में शास्त्रीय संगीत में एक समृद्ध परंपरा वाले परिवार में हुआ था। उन्होंने 19 साल की छोटी उम्र में एक संगीत निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू किया। उनके पिता, अपरेश लाहिड़ी एक प्रसिद्ध बंगाली गायक थे और उनकी मां, बंसारी लाहिड़ी एक संगीतकार और एक गायिका थीं, जो शास्त्रीय संगीत और श्यामा संगीत में पारंगत थीं।

उन्हें बंगाली फिल्म, दादू (1972) में गाना गाने का पहला अवसर मिला था। हालांकि हिंदी फिल्मों में उन्होंने अपनी जगह फिल्म नन्हा शिकारी (1973) से बनाना शुरू किया। ताहिर हुसैन की हिंदी फिल्म, ज़ख्मी (1975) से उन्हें बॉलीवुड में खुदको स्थापित किया और एक पार्श्व गायक के रूप में पहचान बनाई। गायक ने हाल ही में आयुष्मान खुराना और जितेंद्र कुमार स्टारर च्शुभ मंगल ज्यादा सावधानज् के लिए अपने हिट गाने यार बिना चैन कहां रे , अरे प्यार कर ल शीर्षक से रीमिक्स किया। यह गीत मूल रूप से अनिल कपूर और अमृता सिंह पर अनिल गांगुली की साहेब में फिल्माया गया था। 1970-80 के दशक के अंत में डिस्को डांसर, नमक हलाल और डांस डांस जैसे साउंडट्रैक के लिए लोकप्रिय, उन्होंने भारतीय सिनेमा के साथ संश्लेषित डिस्को संगीत को बेहतर ढंग से एकीकृत करने में मदद की।



## जब रविदांस मंदिर में महिलाओं संग बैठ कीर्तन करने लगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रविदास जयंती के मौके पर दिल्ली के करोल बाग स्थित श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मंदिर में आए श्रद्धालुओं से बातचीत की और वहां महिलाओं संग बैठकर च्शब्द कीर्तनज् में भी हिस्सा लिया और मंजीरा बजाते दिखे।जानकारी के अनुसार, संत शिरोमणि रविदास की जयंती के मौके पर कई जगहों पर भव्य समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी जगहों पर संत रविदास के मंदिरों को बेहद सुंदर ढंग से सजाया गया है। इस दौरान मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। संत रविदास 15वीं से 16वीं शताब्दी के दौरान भक्ति आंदोलन से जुड़े थे और उनके भजन गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं। उन्हें 21वीं सदी के रविदासिया धर्म का संस्थापक माना जाता है। रविदास जयंती माघ पूर्णिमा को मनाई जाती है, जो हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ महीने की पूर्णिमा का दिन है।

## यूक्रेन पर बिना सेना भेजे ही रूस ने किया बड़ा अटैक

### हैकिंग ऑपरेशन तेज, ठप हुआ काम



**कीव।** यूक्रेन का संकट गहराता जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दावा किया था कि 16 फरवरी को रूस हमला कर सकता है। दोनों देशों ने युद्ध की तैयारियां कर ली हैं। इसी बीच यूक्रेन की महत्वपूर्ण वेबसाइट पर साइबर अटैक भी शुरू हो गया है। यूक्रेन सरकार की एजेंसियों और बड़े बैंकों पर साइबर हमले की रिपोर्ट है। रूस के हमले की आशंका के बीच यूक्रेन में हैकिंग ऑपरेशन तेज हो गए हैं। बता दें कि मंगलवार को रूस के रुख में कुछ नरमी देखी गई। उसने दावा किया है कि वह आक्रमण के विचार को बदल रहा है और सैनिकों को वापस बुला रहा है। हालांकि अमेरिका को इस बात पर यकीन नहीं है और उसने सबूत मांगे हैं।यूक्रेन सरकार के मुताबिक डीडीओएस अटैक की वजह से कम से कम 10 वेबसाइट्स ने काम करना बंद कर दिया है। इसमें रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और बड़े बैंकों की वेबसाइट शामिल हैं। यूक्रेन के सबसे बड़े सरकारी बैंक और कई प्राइवेट बैंकों के ऐप नहीं काम कर रहे हैं और ऑनलाइन पेमेंट भी नहीं हो पा रहा है।

### साइबर अटैक के पीछे रूस का हाथ?

यूक्रेन के सूचना और तकनीक मंत्रालय ने कहा कि साइबर अटैक हुआ है लेकिन बैकों में जमा ग्राहकों के फंड को नुकसान नहीं पहुंचेगा। यूक्रेन सरकार का अंदेशा है कि इस अटैक के पीछे रूस का हाथ हो सकता है। यूक्रेन के प्रशासन ने कहा, हो सकता है कि रूस जब अपने हमले के प्लान में सफल नहीं हो पाया तो उसने ये घटिया काम किया हो।बता दें कि जनवरी में भी यूक्रेन की 70 वेबसाइट्स ने काम करना बंद कर दिया था। तब भी यूक्रेन ने रूस पर आरोप लगाया था। रूस ने साल 2017 में यूक्रेन पर बड़ा साइबर हमला किया था। उसने NotPetya नाम के वायरस के जरिए दुनियाभर में 10 अरब डॉलर का नुकसान किया था।

### मनी लॉन्ड्रिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## बिजली से भी तेज है नकदी की रफ्तार, जांच में लानी होगी तेजी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि नकदी की रफ्तार बिजली से भी तेज होती है, लिहाजा यदि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बड़ी मात्रा में मनी लॉन्ड्रिंग (धनशोधन) की सूचना मिले तो उसे उसी तेज गति से जांच करने की जरूरत होगी। जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों की व्याख्या की मांग को लेकर दायर याचिकाओं के समूह पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान पीठ ने ऐसी परिस्थिति का जिक्र किया, जिसमें ईडी के पास अवैध धनशोधन के बारे में कार्रवाई किए जाने लायक सूचना है। पीठ ने पूछा, क्या ऐसे में ईडी को धन शोधन की जांच करने से पहले पुलिस या अन्य किसी एजेंसी द्वारा विशेष अपराध में केस दर्ज करने का इंतजार करना चाहिए? पीठ ने कहा, नकदी, बिजली से तेज गति से चलती है और यदि ईडी ने विशेष अपराध में एफआईआर दर्ज होने का इंतजार किया तो सुबूत तेजी से गायब हो सकते हैं। 10 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में एक छापे में 190 करोड़ रुपये की बरामदगी का जिक्र करते पूछा था कि ईडी के पास विधेय अपराध की अनुपस्थिति में पीएमएलए के तहत अवैध पैसों की स्वत: जांच का अधिकार है या नहीं। मामले में बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।



### क्या बिना पूर्व एफआईआर के भी जांच कर सकता है ईडी: पीठ

पीठ ने सवाल उठाया कि क्या ईडी के पास किसी विधेय अपराध के मामले में पहले से एफआईआर दर्ज कोर्ट रूम नहीं होने की स्थिति में जांच करने का न्यायक्षेत्र है? पीएमएलए के तहत ईडी विधेय अपराध के मामले में पहले से एफआईआई दर्ज होने की स्थिति में ही धन शोधन के आरोपों की जांच के लिए एन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर सकती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने कहा कि पीएमएलए यह अधिकार नहीं देता है।



## बाराबंकी में बड़ा सड़क हादसा

## कंटेनर से टकराई कार, दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत

**बाराबंकी ।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू करी है। जानकारी के अनुसार, शुजागंज के हयातनगर निवासी अजय कुमार अपनी पत्नी और दो बच्चों समेत छह लोगों के साथ सूरत से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रामस्नेही घाट थाना इलाके में पहुंचे तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारायणपुर मोड़ के पास खड़े कंटेनर ट्रक में पीछे से गाड़ी टकरा गई। हादसे में गाड़ी की परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार सभी महिला और बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना सुबह करीब तीन बजे हुई है। कार सवार सभी लोग अपनी सूरत से अयोध्या जिले के रूदौली थाना इलाके सुजागंज के हयातनगर अपने घर जा रहे थे।



## भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टी-20 मुकाबला आज

**कोलकाता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच आज से कोलकाता में तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। ये तीनों मैच ईडन गार्डन्स में ही खेले जाएंगे। युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी वाली भारतीय टीम आठ महीने बाद होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले सही प्लेइंग-11 तैयार करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।भारत पिछले साल अक्तूबर-नवंबर में यूएई में हुए टी-20 विश्व कप में भी खिताब का प्रबल दावेदार था, लेकिन टीम लीग चरण से ही बाहर हो गई। टीम के संयोजन में कमियां नजर आईं, जिससे टी-20 कप्तान के रूप में अंतिम प्रतियोगिता में जीत का विराट कोहली का सपना भी टूट गया। ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्तूबर से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप से पहले भारत का कार्यक्रम व्यस्त है और उसकी नजरें मजबूत टीम तैयार करने पर टिकी होंगी। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की अगुआई में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। रोहित की अगुआई में अब टीम इंडिया सलामी जोड़ी, मध्यक्रम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी को लेकर रणनीति तैयार करना चाहेगी। भारतीय टीम में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं।

## NSA अजीत डोभाल के घर में घुसने की कोशिश, पकड़ा गया

### आरोपी बोला- बॉडी में चिप लगी है, रिमोट से चल रहा हूं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के घर में एक संदिग्ध घुसने की कोशिश कर रहा था। सिक्योरिटी ने इस संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके शरीर में चिप लगी है, उसे रिमोट से कंट्रोल किया जा रहा है। जांच में पता चला है कि वह कर्नाटक का रहने वाला है। अजीत डोभाल 1972 में भारत की खुफिया एजेंसी से जुड़े थे। उनके बारे में मशहूर है कि वे 7 साल तक पाकिस्तान में रहकर जासूसी कर चुके हैं।






## दो मासूमों संग खुद जंगल में माओवादियों से मिलने पहुंची

### इंजीनियर पति को रिहा करा लाई

**रायपुर।** बीते शुक्रवार को नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले स्थित एक ब्रिज कंस्ट्रक्शन साइट से इंजीनियर अशोक पवार और मजदूर आनंद यादव का अपहरण कर लिया था। पत्नी की गुहार के बाद नक्सलियों ने मंगलवार की रात इंजीनियर को रिहा कर दिया है। यह रिहाई तब हुई है, जब इंजीनियर की पत्नी अपने दो मासूम बच्चों को लेकर जंगल में नक्सलियों से मिलने गई थी। पति की रिहाई की मांग कर रही थी। इसके साथ ही पत्नी ने एक वीडियो भी जारी किया था। उसमें कहा था कि अशोक की रिहाई के बाद हम सभी लोग अपने पैतृक घर एमपी चले जाएंगे। बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि मंगलवार की रात दोनों बेदरे कैंप पहुंचे हैं। अभी उनकी हालत ठीक है। हमारी पहली प्राथमिकता है कि उन्हें मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि आगे की जानकारी बाद में शेयर करूंगा।आईजी ने यह भी कहा कि दोनों की रिहाई कैसे हुई है, इसकी जानकारी अभी तुरंत नहीं है। वहीं, इंजीनियर अशोक की रिहाई की खबर सुनकर सोनाली और उसके बच्चे खुशी से झूम उठे। अपहरण की खबर से एमपी स्थित उसके परिवार में मातम छाया हुआ था। दरअसल, नक्सलियों ने इंजीनियर और मजदूर को पांच दिन पहले अपहरण किया था। इस दौरान दोनों का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। दोनों पीड़ित एमपी के रहने वाले हैं।अपहरण के बाद माओवादियों ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी थी। उनकी कोई डिमांड भी नहीं थी। ऐसी अटकलें थीं कि दोनों को सीमा पार महाराष्ट्र ले जाया गया होगा। सोनाली पवार और उनकी दो बेटियों ने पिछले शनिवार को माओवादियों से उन्हें रिहा करने के लिए एक वीडियो अपील जारी की थी। सोमवार को, सोनाली ने माओवादियों से मिलने और अशोक की रिहाई के लिए राजी करने को लेकर खुद जंगल जाने का फैसला किया।



## ससुराल में न रहने वाली महिला की शादी सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की शादी इस बात के आधार पर रद्द कर दी कि वह लंबे समय से ससुराल के घर में नहीं रह रही है। उसने इसका कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। जस्टिस अजय रस्तोगी और अभय एस. ओका की पीठ ने कहा कि महिला की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों के अध्ययन से पता चलता है कि वैवाहिक संबंधों को फिर से शुरू करने के लिए उसके द्वारा किसी तरह का प्रयास नहीं किया गया। न ही उसने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए याचिका दायर की गई। इस मामले में सामने आया कि पति असम के तेजपुर में व्यवसाय कर रहा था और उसकी पत्नी गुवाहाटी के एक कालेज में काम कर रही थी। वे एक जुलाई 2009 से अलग रह रहे हैं। पीठ ने कहा कि पति की मां की मृत्यु के कारण, वह दिसंबर 2009 में पति के घर गई और वहां केवल एक दिन रही।इस तथ्य को साथ रहने की बहाली नहीं कहा जा सकता। उसने यह नहीं कहा है कि वह 21 दिसंबर, 2009 को फिर साथ रहने से के इरादे से अपने ससुराल आई थी।

## दूसरी शादी कर ली, पर पहली को गुजारा भत्ता देने में दिक्कतः सुको की फटकार

**नई दिल्ली।** लग्जरी लाइफ जी रहे एक मुस्लिम शख्स को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। दरअसल, उसने पहली पत्नी को हर महीने मिलने वाले गुजारा भत्ते को कम करने की गुहार लगाई थी, लेकिन उसे झटका लगा। पहली पत्नी को उसने 12 साल पहले तलाक दे दिया था। अब वह चाहता था कि मासिक गुजारा भत्ता 15,000 रुपये से घटाकर 10,000 कर दिया जाए और इसके लिए उसने तर्क रखा कि उसे अपनी दूसरी पत्नी और बच्चों की देखभाल करनी है।

### शाह बानो, इद्दत का जिक्र

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस केस में भी सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक शाह बानो फैसले का जिक्र आया।शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि भले ही शरिया कानून के तहत मुस्लिम पुरुष पत्नी को केवल इद्दत पीरियड के दौरान ही गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य है, लेकिन सेक्युलर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के तहत उसे तलाकशुदा पत्नी को तब तक गुजारा भत्ता देना होगा जब तक कि वह फिर से शादी नहीं कर लेती है। इद्दत की अवधि इस्लाम में 3 महीने 10 दिनों की होती है। तलाक और हलाला के बीच की यह एक प्रथा होती है।



### हुजूर, केवल 25 हजार रुपये आय है...

चीफ जस्टिस एनवी रमण और जस्टिस एएस बोपन्ना ने मुस्लिम शख्स को फटकार भी लगाई जब उसने कहा कि उसकी आय केवल 25,000 रुपये है और हर महीने पहली पत्नी को 15,000 रुपये देना मुश्किल हो रहा है। उसके वकील ने कहा कि पहली पत्नी को कोई बच्चे नहीं हैं और वह अपने माता-पिता के साथ रहती हैं। उन्होंने दलील रखी, उसे अपने पति से किसी प्रकार की वित्तीय मदद की जरूरत नहीं है,।

### क्या तलाक के बाद पैसे की जरूरत नहीं होती?

इस पर पीठ ने कहा कि क्या तलाक के बाद पहली पत्नी का अस्तित्व नहीं रह जाता? क्या उसे सर्वाइव करने के लिए पैसे की जरूरत नहीं होती? बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसला का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता एमएस खादर बाशा ) की ओर से दी गई जानकारी से साफ है कि जिस फर्म में वह पार्टनर हैं उसका सालाना टर्नओवर 1,48,00,625 रुपये से अधिक है। लेकिन उनका कहना है कि फर्म से केवल 3,54,349 रुपये की नेट इनकम होती है।हाई कोर्ट ने कहा है कि यह समझना मुश्किल है कि जिस फर्म का टर्नओवर 1.5 करोड़ से ज्यादा है, वह केवल 3,54,349 रुपये का प्रॉफिट दे रही है। इससे साफ है कि याचिकाकर्ता ने आंकड़े कम दिखाए हैं, जिससे यह कहा जा सके कि उनके पास पर्याप्त आय नहीं है। इस बात का जिक्र करते हुए कि शख्स शान-शौकत की जिंदगी जी रहा है और शहर में इलाज के बाद 1 लाख रुपये का बिल चुकाया है, हाई कोर्ट ने कहा कि 25 हजार रुपये महीने कमाने वाला शख्स महंगे अस्पताल में इतना मेडिकल खर्च वहन नहीं कर सकता।

# मॉडीफाइड कर छोटे वाहनों को बना दिया ट्रक




## कटनी में यातायात की समस्या की पड़ताल, छोटे वाहन बन रहे परेशानी का कारण

**कटनी।** शहर की सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए यातायात पुलिस तथा नगर निगम लगातार प्रयास कर रही है लेकिन व्यवस्था है कि ठीक होने का नाम ही नहीं ले रही। इस अव्यवस्था को लेकर जब यशभारत ने तहकीकात की तो जो कारण मिला वह हैरान करने वाला था। कटनी में जिन वाहनों को शहर के व्यस्त हिस्से में प्रवेश की मनाही है वहां इसका तोड़ ढूंढ लिया गया है। छोटे वाहनों को मोडीफाइड करा कर इन्हें सकरे रास्तों में भेज दिया जाता है। पुलिस भी इन वाहनों को जप्त नहीं कर सकती क्योंकि मूल रूप से वाहल छोटा ही कहलाता है। उदाहरण छोटा हाथी गाड़ी का ही लें तो इसे मोडीफाइड करके बड़ा रूप दे दिया जाता है। जिसके बाद नो एंट्री में यह बड़े आराम से घुस जाते हैं। तब इन वाहनों को अंदर आने से नियमानुसार रोका नहीं जा सकता। बेधड़क वाहन व्यस्ता मार्गों पर घुसते हैं और अव्यवस्था फैलाते हैं जीप नुमा वाहनों को तो पूरा ट्रक ही बना कर सड़कों पर चलाया जाता है। कटनी शहर में ट्रक के आकार के चार पहिया वाहनों से जाम लग रहा है। इन वाहनों पर नो एंट्री लागू नहीं होती है। यातायात पुलिस ट्रक के आकार के चार पहिया वाहनों की भार क्षमता की जांच भी करती है। ओवर लोडिंग की जांच और कार्रवाई नहीं होने शहर के अंदर दिन भर ट्रक के आकार के चार पहिया वाहन घूमते हैं। शहर में आए दिन लग रहे जाम में ट्रक के आकार के चार पहिया वाहन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। दरअसल शहर में लागू नो एंट्री में उन्हीं वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है जो 6 व्हीलर होते हैं। 4 व्हीलर वाले लोडर वाहनों में नो एंट्री लागू नहीं होती है। इसी का फायदा उठाकर ट्रांसपोर्टर ऐसे वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसका आकार तो ट्रक के बराबर का हो, लेकिन उसमें व्हील चार ही लगे हो। फोर व्हीलर ट्रक होने से उसके खिलाफ नो एंट्री की कार्रवाई नहीं की जाती है। लेकिन एक बात समझ से परे है कि किसी वाहन के व्हील कम कर देने से उसका आकार कैसे कम हो सकता है। शहर के अंदर दिन भर धमा चौकड़ी मचा रहे ट्रक के आकार के चार पहिया वाहनों के कारण जाम लगता है। ऐसे वाहनों की ओवर लोडिंग की जांच भी यातायात पुलिस द्वारा नहीं की जाती है। यही वजह है कि ट्रक के आकार के चार पहिया वाहन को शहर के अंदर बगैर किसी डर के लाया जाता है।

आपको बता दें कि आरटीओ के नियमानुसार इन वाहनों को मोडीफाइड नहीं किया जा सकता खास तौर पर तब जब ऐसा करने से इनकी झमता बढ़ती हो लेकिन कटनी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जितने भी मालवाहक वाहन दौड़ रहे हैं सभी मोडीफाइड करा कर झमता से दो गुने हो चुके हैं। इसे लेकर भी पुलिस और आरटीओ का ध्यान नहीं है। इस पर कार्रवाई की जाए तो कटनी में सैकड़ों वाहन ऐसे मिलेंगे जो छोटे तो हैं लेकिन सिर्फ नाम के लिए क्षमता के मामले में यह किसी ट्रक से कम नहीं हैं। बहरहाल कटनी की यातायात व्यवस्था सुधारने इस पर ध्यान देना जरूरी है।

# पीएम आवास योजना के नाम पर ठगे जा रहे गरीब, फिर एक मामला आया सामने



**कटनी।** कटनी में प्रधानमंत्री आवास के मामले में लोग निरंतर ठगे जा रहे हैं कुछ रोज पहले ही पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा था जो लोगों के फिंगर प्रिंट तक लेकर आवास योजना के नाम पर सैकड़ों गरीबों को ठग चुका था। अब एक मामला बहोरीबंद क्षेत्र से आया है। बहोरीबंद थाना क्षेत्र के धूरी गांव के निवासी ने पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके प्रधानमंत्री आवास योजना से बने मकान को बेचने का प्रयास किया जा है। प्रधानमंत्री आवास को बेचने के लिए एक युवक ने 25 हजार रुपए का एग्रीमेंट भी गांव के ही एक युवक से कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे धूरी गांव निवासी रारु पिता नंदलाल चैधरी (80) ने शिकायत में बताया कि गांव में रहने वाला संतोष पिता मिहीलाल चैधरी जमीन और मकान के कारण जबरन उसे अपने साथ रखना चाहता है। साथ रहने से मना करने पर संतोष चैधरी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत स्लीमनाबाद थाने में की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से संतोष चैधरी ने दुबारा मारपीट की। जिसके कारण वह अपने भांजे के पास मंगेला गांव में जाकर रहने लगा। इस बीच संतोष चैधरी ने उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनवाए गए मकान को बेचने के लिए गांव के ही शंभू दयाल पटेल से 25 हजार रुपए का अनुबंध कर लिया गया है।

# कुण्डलपुर महोत्सव : कटनी से पहुंच मार्ग की सीएम ने समीक्षा

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुण्डलपुर महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को सीएम आवास पर समीक्षा की। 16 फरवरी से शुरू होने वाले मुख्य महोत्सव में भी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। सीएम शिवराज ने पहुंच मार्ग, पानी, यातायात, बिजली, स्वच्छता, आवास और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी। कुण्डलपुर महोत्सव में जाने के लिए पहुंच मार्ग जबलपुर, कटनी, छतरपुर, पन्ना, सागर, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ से आवश्यक साधन उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कुण्डलपुर महोत्सव के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा, पूर्व मंत्री जयंत मलैया सहित सागर कमिश्नर, आईजी और दमोह से प्रशासनिक अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। कुंडलपुर में पाषाण को पूज्य बनाने का अनुष्ठान शुरू हो चुका है। इस अनुष्ठान में बड़े बाबा भगवान आदिनाथ, छोटे बाबा आचार्य विद्यासागर महराज और 250 से अधिक जैन संतों का आशीर्वाद पाने के लिए श्रावक-श्राविकाओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। हालात यह हैं कि अब तक महोत्सव में 25 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। आने वाले दिनों में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंगलवार को महोत्सव में भक्तामर विधान के साथ पात्रों की शुद्धि की मांगलिक क्रियाएं हुईं। कुंडलपुर महामहोत्सव में आचार्य विद्या सागर महाराज ने कहा कि यह ऐसा धार्मिक अनुष्ठान है जो कई गुणित फल देने वाला है इसमें सम्मलित श्रावक विशुद्ध भाव से भगवान की भक्ति कर सातिशय पुण्य का अर्जन करेंगे। उन्होंने बडे बाबा का गुणानुवाद करते हुए कहा प्रभु के चरणों में ही सुख शांति की अनुभूति होती है। बड़े बाबा के दर्शन मन को तृप्त करने वाले हैं।





# रुक्मणी विवाह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**कटनी।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कलाकारों को पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। विवाह मंगल गीत के बीच कथा के मुख्य यजमान मायाराम विश्वकर्मा, भगवानदास विश्वकर्मा श्रीमती शीला विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रवचन के दौरान कथा वाचक आचार्य बृजकृष्ण जी शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़े भाई श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भेजा। श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बरात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लिया। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। समस्त धर्मप्रेमियों से विश्वकर्मा परिवार ने श्रीमदभागव कथा का श्रवण का धर्मलाभ लेने की अपील की है। श्रीमद्भागवत कथा का विसर्जन आज 16 फरवरी को होगा जबकि कल 17 फरवरी को विशाल भंडारा आयोजित होगा।


सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो ता. 18 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से

UNCHARTED

(हिन्दी में)


कलाकार- टॉम होलेंड, सोफिया टेलर, एनटोनियो, ब्रायन क्रेस्टन आदि।


# विभिन्न मांगों को लेकर सड़क पर बैठीं अभाविप की छात्राएं

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने गर्ल्स कॉलेज के बाहर छात्रों के साथ मिलकर चार सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कॉलेज के बाहर सड़क पर बैठ गए थे, जिसके कारण जाम लग गया था। मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को सड़क से हटवाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि शासकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा के फार्म भरे जाने हैं, लेकिन ओबीसी वर्ग की छात्राएं जो पूरी तरह से स्कॉलरशिप पर निर्भर हैं वे फार्म भरने में असमर्थ है। ज्ञापन में आरोप है कि महाविद्यालय की लापरवाही के कारण समय पर स्कॉलरशिप नहीं मिल रही है। ज्ञापन में महाविद्यालय में यूनिफार्म के लिए समिति का गठन करने के लिए मांग की गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विरोध प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। सड़क पर अधिक संख्या में छात्रों के बैठ जाने के कारण दोनों ओर जाम की स्थिति बन गई थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह, महिला थाना प्रभारी, यातायात थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।




नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

खिलाड़ी

(हिन्दी में)

कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार संजय कुमार तिवारी पिता श्री रामभजन तिवारी निवासी तिलक कॉलेज जाग्रति कॉलोनी कटनी के द्वारा ग्राम जुहला प.ह.नं. 41/27 तहसील व जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नंबर 56/2, 60/2, 216/2, 385/2, रकवा क्रमशः 0.295 हे., 0.583 हे.,0.433 हे., 0.121 हे., कुल रकवा 1.432, में से 0.477 हे., भूमि क्रय करने का सौदा उसके मालिक काबिज राघवेन्द्र प्रसाद उर्फ रावेन्द्र तिवारी पिता स्व. चंदीदीन तिवारी निवासी ग्राम खिरवा नं. 01 तहसील विजयराघवगढ़ जिला-कटनी एवं शीला बाई उर्फ सुशीला पुत्री स्व. चंदीदीन तिवारी निवासी ग्राम तेंअुआ पथरहटा चंदिया जिला उमरिया से इकरारनामा किया है। कीमत 10,70,000/- अंकन दस लाख सत्तर हजार रूपए भिन्न- भिन्न दिनांक को मेरे पक्षकार से प्राप्त कर लिया है जिसकी रजिस्ट्री शीघ्र ही पंजीयन कार्यालय कटनी में होना है। अतः किसी भी शासकीय/अशासकीय संस्था, व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के विक्रय कोई आपत्ति है या हित प्रभावित होता है तो अपने मूल दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में सूचना दिनांक को 7 दिवस के भीतर उपस्थित हो इसके पश्चात आपत्ति अमान्य एवं उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करा लिया जावेगा।

कटनी, दिनांक- 15/02/2022

भवदीय

ए.एन. मिश्रा अधिवक्ता 516 अम्बेडकर वार्ड कटनी


मो. 9399020690

# रीडिंग 7641, बिल 8156 का जारी कर दिया

**कटनी।** शहर में मीटर रीडिंग के मामले में निरंतर शिकायत आ रही हैं। नगर के वार्ड क्रमांक -11 जगमोहनदास वार्ड नई बस्तीनिवासी मनीष खरे के अनुसार जनवरी में उन्हे जो बिजली बिल दिया गया उसमें मीटर रीडिंग 8156 दर्ज है जबकि उस समय उनके मीटर में कुल खपत 7641 यूनिट थी। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद विद्युत अधिकारियों ने तीन बार बुलाया और बिल सुधार करने से साफ इंकार कर दिया। उपभोक्ता के अनुसार जब बिल में सुधार ही नहीं करना था तो उन्हे बार-बार क्यों भटकाया जा रहा है। अनिल कुमार तिवारी को 6932 रुपए का बिल आया है। इसमें से 6000 रुपये जमा कर दिए। अब फिर से 7793 रुपये बकाया का बिल दे दिया। इस शिकायत को भी फोर्स क्लोज कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। 45 हजार में 28000 माफ करने का दावा, फिर भेजा 42000 का बिल खिरहनी निवासी गनपत लाल कोरी भी मनमाने बिजली बिल से परेशान हैं। पहले उन्हे 45376 रुपये का बिल दिया गया। शिकायत करने पर सुधार कर 28 हजार रुपये माफ करने का दावा किया गया। अगले माह फिर से 42002 रुपये का बिल भेज दिया। अब विद्युत मंडल के अधिकारी कहते हैं कि पूर्व का बिल 62000 रुपये था, जिसमें से 28 हजार रुपये माफ किया है इसलिए 42 हजार रुपये जमा करने होंगे। गनपत लाल के अनुसार इतनी तो उनकी छह माह की आमदनी भी नहीं है जितना बिजली बिल आया है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर भी निराकरण किया नहीं गया वरन बिल को सही ठहराकर स्पेशल क्लोज की अनुशंसा कर दी गई। उधर इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि शिकायत का निराकरण किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि समाधान योजना में जिले के एक लाख 37 हजार उपभोक्ताओं से 60 करोड़ रुपये जमा कराने का लक्ष्य था। इसमें से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने 46 लाख एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने 22 लाख रुपये जमा कराए। इस तरह जिले में कुल 68 लाख रुपये की राशि ही जमा हुई है।

# कटनी जिले के कई संकुलों में सातवें वेतनमान के एरियर की द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं

**कटनी।** सातवें वेतनमान की दूसरी किस्त ना मिलने का मुद्दा विधानसभा में उठने के बाद कटनी राज्य शासन के निर्देश के बाद भी कटनी जिले के कई संकुलों में सातवें वेतनमान के एरियर की द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं होने पर राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव विपिन तिवारी एवं जिला अध्यक्ष जे पी हलदकार द्वारा उक्त मामला बहोरीबंद क्षेत्र के विधायक प्रणय प्रभात पांडे के संज्ञान में लाने के बाद उन्होंने विधानसभा में आ तारांकित प्रश्न के माध्यम से यह मामला उठाया है। आखिर एरियस भुगतान आज तक बाकी संकुल में क्यों नहीं हो सका है बताया जाता है कि जिला कोषालय अधिकारी द्वारा जिला पंचायत कटनी के सेवा पुस्तिका सत्यापन कराने के बाद भी यह कहा गया कि जिस अधिकारी ने यह सत्यापन किया है वह इस के योग्य नहीं था जिसके चलते यह मामला लंबित था बताया जाता है कि विधानसभा में मामला उठते ही अब सेवा पुस्तिकाओं के सत्यापन प्रारंभ किया गया है और शीघ्र ही सातवें वेतनमान की दूसरी किस्त का भुगतान कर दिया जावेगा संघ ने विधायक प्रणय पांडे जी का इसके लिए आभार व्यक्त किया है





सिटी मॉल बरही रोड में

शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से




बधाई दो

कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 16 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कल से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाएं, 101 केन्द्रों पर 30 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी

### एक नजर इधर भी

0 17 फरवरी को कक्षा बारहवीं में अंग्रेजी का प्रश्न-पत्र होगा।
0 18 फरवरी को कक्षा दसवीं में हिन्दी का प्रश्न-पत्र होगा।
0 दोनों ही परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित होंगी।
0 कक्षा दसवीं में 18 हजार 922 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।
0 कक्षा बारहवीं में 11 हजार 623 छात्र देंगे परीक्षा।
0 जिले में बनाए गए 101 परीक्षा केन्द्र, 7 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील।
0 कोविड पॉजीटिव छात्रों के लिए अलग रहेगा कमरा।
0 नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का गठन।

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की सुस्ती पड़ रही रफ्तार के बीच कल 17 फरवरी से एमपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है। वैसे हर साल ये परीक्षाएं मार्च के महीने में आयोजित की जाती थी लेकिन पिछले दो सालों से मार्च में कोरोना संक्रमण की दस्तक के चलते इस बार राज्य सरकार ने मार्च की बजाए फरवरी में ऑफलाइन परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया था। सरकार का निर्णय सही साबित होता नजर आ रहा है, क्योंकि पिछले एक हफ्ते से कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ है। जनवरी में जब कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी थी, तब एक बार फिर परीक्षा के आयोजन पर संशय होने लगा था। परीक्षाओं को ऑनलाइन आयोजित कराने की भी मांग होने लगी थी लेकिन सरकार ने साफ कर दिया था कि एमपी बोर्ड की परीक्षाएं ऑफालाइन ही आयोजित कराई जाएंगी।

## शिक्षा विभाग की तैयारियां पूर्ण, कोविड छात्रों के लिए अलग से बनाया जाएगा रूम




माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल कक्षा दसवी और हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से शुरू होकर मार्च के महीने तक चलेंगी। कल 17 फरवरी को 12वीं का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का और 10वी का पहला पेपर हिन्दी विषय का 18 फरवरी को होगा। दोनों ही परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर जिले में परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियों को अंजाम दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षाओं में करीब 30 हजार छात्र सम्मिलत हो रहे हैं, जिसमे कक्षा दसवीं में 18 हजार 922 और कक्षा बारहवीं में 11 हजार 623 छात्र शामिल हैं। जिले में कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमे से 7 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है। इन संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर शिक्षा विभाग के साथ ही जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, इसके साथ ही यहां पुलिस की भी तैनाती की जा रही है। छात्रों को मास्क लगाकर और सैनेटाइजर लेकर आना होगा। परीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी इंतजाम किए जा रहे हैं।

### नकल पर रहेगी पैनी नजर

दसवी और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए उड़नदस्तों का गठन किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला प्रशासन के सभी प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारियों को उड़नदस्ते में शामिल करते हुए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए नकल पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह जिला शिक्षा विभाग द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मा दिया गया है।




## बड़गांव स्कूल में परीक्षा की तैयारियां पूर्ण

### सिटिंग अरेंजमेंट के साथ ही की गईं आवश्यक व्यवस्थाएं

**रीठी।** तहसील रीठी के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गौरतलब है कि 17 फरवरी से हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल की



बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होने वाली है, जिसकी तैयारियों में शिक्षा विभाग का अमला मुस्तैदी से तैयारियों में लगा हुआ है। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि परीक्षा के पहले सिटिंग अरेंजमेंट किया जा रहा है, साथ ही परीक्षा पूर्व सारी तैयारियां की जा चुकी हैं। शासन के निर्देशों के अनुरूप यदि कोविड-संक्रमित कोई छात्र परीक्षा देने आता है, तो उसके लिए अलग से बैठने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बारहवीं कक्षा के 106 एवं दसवीं कक्षा के 206 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 1 बजे तक रखा गया है। बड़गांव परीक्षा केंद्र के केंद्र प्रभारी के रूप में खड़ोला प्राचार्य प्रतिपाल सिंह को नियुक्त किया गया है।

### इनका कहना है

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केन्द्रों के लिए सामग्रियों का वितरण किया जा चुका है। कल बारहवीं का प्रश्न पत्र होगा, जबकि एक दिन बाद दसवीं की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का गठन किया गया है। अधीनस्थ अमले को आवश्यक व्यवस्थाएं करने के साथ ही परीक्षा के दौरान पैनी नजर रखने के लिए कहा गया है। जिले में 101 परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। इनमे 7 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील हैं, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ऐसे परीक्षा केन्द्रों पर पलिस की भी तैनाती की गई है। लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-पृथ्वीपाल सिंह**
**जिला शिक्षा अधिकारी**



## ऑटो चालकों की मनमानी से लुट रहे मुसाफिर

### किराया सूची चस्पा करने एवं ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की मांग की युवाओं ने

**कटनी।** जागरुक युवाओं ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को ज्ञापन सौंपकर ऑटो चालकों की मनमानी पर रोक लगाए जाने मांग की है। प्रशांत कुम्टाकर, लखन साहू, ज्वाला पटेल, अनीष गर्ग, सुरेंद्र चक्रवर्ती, विमल साहू, कार्तिकेय धवड़ेकर, जीवन यादव, संजीव कुमार, शुभम सिंह, संजू द्विवेदी, कामता प्रसाद आदि ने कहा कि शहर से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कटनी जंक्शन, मुड़वारा स्टेशन, कटनी साउथ, कटनी एनकेजे, बस स्टैंड और अन्य जगहों पर किराया सूची चस्पा न होने के कारण ऑटो चालकों के द्वारा सवारियों से मनमाफिक किराया वसूला जाता है। रात्रि के समय तो बाहर से आने वाले यात्रियों के साथ इनकी मनमर्जी और बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ शहर में ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी से यातायात व्यवस्था भी चरमराई हुई है। पूरा शहर अघोषित ऑटो स्टैंड बना हुआ है। सभी स्टेशनों के साथ साथ अन्य मुख्य जगहों पर भी किराया सूची चस्पा की जाए। ऑटो चालकों के द्वारा की जाने वाली ओवरलोडिंग पर लगाम लगाई जाए, ताकि सवारियों की जान जोखिम में न पड़े। ऑटो स्टैंड चिन्हित किए जाएं और अघोषित स्थानों पर खड़े पाए जाने पर कार्यवाही की जाए। शहर के भीड़भाड़ वाले एरिया से ऑटो की निकासी पर रोक लगाई जाए।

## रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव को लेकर गहमागहमी

### प्रबंधकारिणी समिति के 10 सदस्यों के चुनाव के लिए 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, देर शाम आएंगे नतीजे





**कटनी।** रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव को लेकर आज अस्पताल परिसर में काफी गहमागहमी रही। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी कटनी की प्रबंध कारिणी समिति के 10 सदस्यों के लिये निर्वाचन के लिए आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष जिला चिकित्सालय में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान को लेकर यहां काफी उत्साह नजर आया। 10 पदों के लिए कुल 13 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य एवं सचिव डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव के लिए आज सुबह 11 बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए डॉ एल एन खंडेलवाल, डॉ वाय सुब्बाराव एवं डॉ राजेन्द्र ठाकुर को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। 3 बजे तक मतदान संपन्न होने के बाद सभाकक्ष में ही मतगणना कराई जाएगी और इसके बाद मतगणना कराई जाएगी। संभवतः नतीजों के लिए देर शाम तक इंतजार करना पड़ेगा। बताया जाता है कि रेडक्रॉस सोसायटी चुनाव में कुल 759 मतदाता हैं। 13 उम्मीदवारों में से 10 सदस्यों का चुनाव कराया जा रहा है। ये निर्वाचित 10 सदस्य अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

### ये उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत

भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी कटनी की प्रबंध कारिणी समिति के 10 सदस्यों के चुनाव में 13 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमे शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं चार्टड एकाउंटेंट सुशील शर्मा, समाजसेवी एम जे एस लाम्बा, मुरलीमनोहर अग्रवाल, लालजी शर्मा, गोविन्द सचदेवा, अग्रज लहरिया, अंकित जैन लल्लन, दीपक अग्निहोत्री, गोपालदास पुरवार, रमेश कुमार खण्डेलवाल, सारंग बजाज, श्रीमती साक्षी जैन एवं सुनील कुमार दुबे शामिल है।



## ऑनलाइन साइबर ठगी की वारदातों से बचने दी जानकारी

### रीठी थाना परिसर में बैंक कर्मचारियों व सराफा व्यापारियों की बैठक

**रीठी।** विगत दिनों जबलपुर में एटीएम के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर हत्या व लूट होने एवं दिनों दिन बढ़ रही चोरी व लूट की घटनाओं, ऑनलाइन साइबर ठगी की वारदातें बढ़ने पर अंकुश लगाने एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को रीठी थाना परिसर में बैंक कर्मचारियों एवं सराफा व्यापारियों की थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बैठक ली, जिसमें उपस्थित बैंक कर्मचारियों ने ऑनलाइन सायबर फ्रॉड और सोशल साइट पर होने वाली धोखाधड़ी पर नियंत्रण और रोकने के उपायों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए बैंकों के नोडल अधिकारी ने बैठक में बैंकों के ऑनलाइन, सोशल साइड, फोन पे, गूगल पे, वाट्सएप, वालेट, इंस्टाग्राम आदि पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के उपायों को विस्तार से बताया, जिसमे देवगांव, बड़गांव रीठी बैंक के अधिकारी उपस्थित हुए, साथ ही इस तरह से होने वाले फ्रॉड से कैसे बचा जा सके, उसे भी समझाया। लोगों को बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन सायबर फ्रॉड होता है, तो वह उसकी पूरी जानकारी लोकेशन सहित 3 दिन के अंदर तुरंत बैंक को सूचित करें, ताकि घटित हुई वारदात का मुस्तैदी से पतासाजी की जा सके, इसके साथ ही थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने सराफा व्यापारियों को जिन दुकानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं है, उन व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि अपराधिक गतिविधियों पर आसानी से नजर रख अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## देश को स्वावलंबी बनाने के अभियान से जुड़े युवा

### नेहरू युवा केंद्र ने शुरू किया व्यक्तिगत संपर्क एवं सुगमता अभियान




**विजयराघवगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को प्रक्षेपित आत्मनिर्भर भारत अभियान में विकासखंड क्षेत्र जिला युवा समन्वयक अधिकारी कीर्तिका कुहर के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महक बड़गैयां एवं आदित्य दुबे द्वारा सक्रिय युवा मंडल सदस्यों की टीम के साथ 50 ग्रामों में जाकर विभिन्न चरणों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में सरल भाषा में ग्रामीणों को अवगत कराया जा रहा, जिसके लिए पेपर पोस्टर की सहायता भी ली जा रही है। प्रधानमंत्री के देश को स्वावलंबी बनाने के अभियान से सुदूर ग्राम के वाशिंदे भी जुड़ पाएं, इसी उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु नेहरु युवा केंद्र के स्वयंसेवी विकासखण्ड के गांव-गांव में भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में विजयराघवगढ़ विकासखंड के झिरिया, सलैया, कलाहरा, गौरहा, नन्हवारा, राखी पुरैनी, महगांव, बंजारी, खजुरा, लुकामपुर, गड़ेहा, पिपरा, चोरी, चोरा, सलैया कोहारी, हरेंया, चरी, शिवधाम, बम्हनगवा, महगांव, इंदौर देवसरी, खरखरी, अमुवारी, हरदुआ, देवराकला, बकठा इत्यादि गांव में व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किया गया है, ताकि प्रधानमंत्री द्वारा चलाए इस अभियान को सफल बनाया जा सके।

## जनसुनवाई में दिया आवेदन, समस्या का निराकरण नहीं

### जनपद पंचायत रीठी के ग्राम सिंघईया टोला में पेयजल संकट से परेशान क्षेत्रवासी, सीईओ ने सचिव से फोन पर की बात

**रीठी।** जनपद पंचायत रीठी कार्यालय में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में सिंघईया टोला के नरेश गड़ारी एक बार फिर गांव में पीने के पानी की समस्या लेकर पहुंचा। नरेश गड़ारी ने जनपद सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा को बताया कि 2 हफ्ते पहले आयोजित जनसुनवाई में उसने गांव में पेयजल संबंधी समस्या के बारे में आवेदन दिया था। जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है। पेयजल संकट के चलते गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। हैंडपंप से पानी की बजाए हवा निकल रही है। जनसुनवाई में शिकायत किए जाने के बाद भी अब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आज






एक बार फिर जनसुनवाई में पेयजल संकट को लेकर शिकायत की जा रही है। इस संबंध में रीठी जनपद सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने तत्काल संबंधित सचिव को फोन लगाकर जानकारी ली और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत रीठी के सिमरिया टोला में विगत 1 माह से नल जल योजना बंद है, जिसके चलते क्षेत्रवासी पानी के लिए परेशान है।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक
(रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (म्प्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

# रोजगार में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे एसीसी





**कैमोर।** बार-बार हिदायत दिए जाने के बावजूद एसीसी प्लांट कैमोर और निर्माणाधीन अमहटा प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को रोज़गार में प्राथमिकता नहीं दिए जाने तथा एसएमटीआई से प्रशिक्षित युवाओं की प्लांट ट्रेनिंग कम्प्लीट हो जाने के पांच साल बाद भी उन्हें जॉइनिंग लेटर नहीं दिए जाने पर एसीसी प्रबंधन को गत दिवस क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की नाराजगी का सामना करना पड़ा। कैमोर के दौरे पर पहुंचे विधायक श्री पाठक ने सख्त लहजे में एसीसी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थानीय लोगों के हितों की उपेक्षा हुई तो इसके लिए एसीसी प्रबंधन ही जिम्मेदार होगा और उसे इसका खामियाजा भी भुगतना होगा।

विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक बीते रविवार को क्षेत्रीय दौरे पर कैमोर पहुंचे थे। इस अवसर पर स्थानीय श्रमिक संगठन कैमोर सीमेंट एवं खदान मजदूर संघ तथा इंटक यूनियन के प्रतिनिधियों सहित ठेकेदारी मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाक़ात की। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने विधायक को बताया कि एसीसी के कैमोर प्लांट तथा अमहटा के निर्माणाधीन प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोज़गार नहीं मिल पा रहा। दोनों जगह बाहरी ठेका कंपनियों को काम दिया जा रहा है। जिनके मजदूर भी बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से आ रहे। अमहटा प्रोजेक्ट का काम शुरू होने से पहले एसीसी प्रबंधन ने

### विधायक संजय पाठक ने सख्त लहजे में दी चेतावनी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और सांसद विष्णुदत्त शर्मा की मौजूदगी में यह भरोसा दिलाया था कि नए प्रोजेक्ट में 70 फीसदी रोज़गार स्थानीय युवाओं को दिया जाएगा पर बाद में एसीसी प्रबंधन ने अपना यह वायदा पूरा नहीं किया। स्थानीय लोगों के बजाए 70 फीसदी काम बाहरी ठेकेदारों और बाहर से बुलवाई गई लेबर से कराया जा रहा।

एसीसी के प्रशिक्षण संस्थान एस एम टी आई से प्रशिक्षण प्राप्त 2016 बैच के युवाओं ने बताया कि आईटीआई पास करने के बाद उन्होंने एसएमटीआई में प्रवेश लिया था तथा शुल्क का भुगतान कर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एक साल एसीसी के अलग अलग प्लांटों में ट्रेनिग भी प्राप्त की थी। प्लांट ट्रेनिग कम्प्लीट होने के बाद उन्हें जॉइनिंग दी जानी थी पर पिछले चार-पांच सालों से उन्हें भटकाया जा रहा। धरना प्रदर्शन करने पर पुलिस प्रशासन कोविड गाईड लाईन के उल्लंघन की आड़ में मामला दर्ज करने की धमकी देता है। इन सब शिकायतों को सुनने के बाद विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा प्रबंधन को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि एसीसी स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देकर अपना वायदा पूरा करे या फिर इसका खामियाजा भुगतने को तैयार रहे।

लिफ्ट इरिगेशन से खेतों तक पहुंचाएं खदानों का पानी

विधायक श्री पाठक ने एसीसी प्रबंधन को एक बार फिर ताकीद की है कि उसकी खदानों के कारण क्षेत्र में जल स्तर नीचे चला गया है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा। एसीसी प्रबंधन बंद पड़ी खदानों का पानी लिफ्ट इरिगेशन के जरिये खदानों से खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था करे ताकि फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिल सके।

### एसडीएम और तहसीलदार को भी दिए निर्देश

विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के कैमोर प्रवास पर आम नागरिक भी उनसे मिले तथा उनके सामने अपनी समस्याएं रखी। किसी ने अपनी जमीन पर दूसरों के द्वारा जबरिया कब्जा किये जाने की शिकायत की तो किसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही। विधायक श्री पाठक ने सभी की समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों तक पंहुचा कर इनका निराकरण कराये जाने के निर्देश एसडीएम और तहसीलदार को दिए।

### इनकी रही उपस्थिति

विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के कैमोर प्रवास के दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री उदयराज सिंह चौहान, कैमोर मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीषदेव मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शांति यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवाब खान, युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवम पांडे, नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश परौहा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाठक, गुरजीत सिंह बेदी, सीएल पांडे, सुभाष राय, संतोष केवट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आजाद चच्चा, उद्योगपति रमेश ग्रोवर, तारा सिंह चौहान, रजिया बेगम, सुनीता मंगोरिया, लक्ष्मी कोल, इंटक अध्यक्ष अनिल मौर्या, राकेश तिवारी, मनीष नबैत, केनू वाडिया, कैमोर सीमेंट एवं खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, विनोद मिश्रा, नीलू रजक, भवानी मिश्रा, किशन अग्रवाल, दीपू बड़गैयां, रोजी चावला आदि की उपस्थिति रही।

## बिना अनुज्ञा भवन निर्माण पर प्रशमन में 28 फरवरी तक मिलेगी छूट

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने बिना अनुज्ञा एवं नक्शे से अधिक निर्माण की स्थिति में प्रशमन पर मिलने वाली छूट का लाभ उठाने की अपील भवन निर्माताओं से की है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण में 20 जुलाई 2021 एवं 31 अगस्त 2021 के अंतर्गत मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308 -क तथा म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187-क में संशोधन करते हुए भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण के प्रशमन,कंपाउन्डिंग हेतु, प्रशमन की सीमा 10 प्रतिशत से बढाकर 30 प्रतिशत की गई है। राज्य शासन द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2022 तक प्रशमन प्रकरणों में प्रशमन शुल्क पर मिलने वाली 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

**ऑनलाइन एबीपीएएस पोर्टल पर आवेदन कर छूट का लाभ उठा सकते हैं भवन निर्माता**

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि ऐसे नागरिकगण जिनके द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए भवन निर्माण तथा स्वीकृत नक्शों से अधिक अधिक अवैध निर्माण करा लिया गया है 28 फरवरी तक ऑनलाईन ए.बी.पी.ए.एस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर मिलने वाली प्रशमन के प्रकरणों पर छूट के सुनहरे अवसर का लाभ प्राप्त कर अनाधिकृत निर्माण को वैध करा सकते है।

## बांधा मंदिर में महाआरती आज शाम



**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 16 फरवरी बुधवार को माघ पूर्णिमा के अति पावन पुनीत अवसर पर आज सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर की भव्य महाआरती, भोग प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, पं. महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, ए. पी. चतुर्वेदी, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, राघवेन्द्र दुबे, पप्पू पाठक, ओमप्रकाश दुबे आदि ने श्री राधाकृष्णानुरागी जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

## शिक्षक एवं कर्मचारियों की मांगों को लेकर संघर्ष करेगी शिक्षक कांग्रेस



**कटनी।** शिक्षक कांग्रेस की एक बैठक गत दिवस जिला इंटक परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, वर्षो से लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति, केन्द्रीय कर्मचारियों के बराबर मंहगाई भत्ता, अतिथि शिक्षकों को नियमित किये जाने की मांगों के लिए सरकार से अब सीधे संघर्ष की प्रतिज्ञा ली गई। संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार हमारे सहित प्रदेश सभी मान्यता गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के ज्ञापन मांग पत्र को कचरे में फेंक रही है, एक भी कर्मचारी हितैषी आदेश नहीं हो रहे है। सरकार की तरफ से सिर्फ झूठी घोषणाएं एवं कोरी योजनाएं प्रसारित की जा रही है। शिक्षक संघ ने चेताया कि यदि सरकार आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व सभी मांगों के संबंध में स्पष्ट आदेश जारी नही करती है तो कर्मचारी अपनी पूरी शक्ति और सामर्थ्य के साथ इनके विरूद्ध संघर्ष करेंगे। बैठक में म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, रीठी जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र राय, कांग्रेस नेता महेन्द्र जैन, रामनिधि मिश्रा, इलयास अहमद, सी. बी. दुबे, अजय सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा, अनिल मिश्रा, दिलीप बाजपेयी, अच्छेलाल सेन, उमरिया अध्यक्ष भीम सिंह चतुर्वेदी आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



## अल्पसंख्यक मोर्चे ने किया विधायक का अभिनंदन

**कैमोर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के बीते रविवार को कैमोर प्रवास के दौरान भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष नवाब खान ने मोर्चे की पूरी कार्यकारिणी के साथ उनका अभिनंदन किया। साथ ही कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का विधायक श्री पाठक से परिचय कराया। इस अवसर पर मोर्चे के पदाधिकारी के रूप में गुरदीप सिंह कपूर लवली, राजेश सिंघई, आरिफ खान एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## बैंकों में रखें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### बरही थाने में आयोजित हुई बैंक प्रबंधकों की बैठक

**बरही।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा जिले में समस्त थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में स्थित बैंकों में सुरक्षा को मुस्तेद किये जाने हेतु बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार केडिया एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी के निर्देशन में थाना प्रभारी बरही निरीक्षक अरविंद जैन द्वारा बरही नगर के समस्त बैंक प्रबंधकों की थाना बरही में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक से बैंक मैनेजर वसीम उल कादरीए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से अक्षय कुमार, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से विजय प्रकाश, ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक से जगदीश यादव, पंजाब नेशनल बैंक से पंकज कुमार सिंह और फिनकार बैंक से अनिल कुमार द्विवेदी बैठक में उपस्थित हुए। पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद जैन द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को बैंक में नाइट विजन की सुविधा के साथ सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एमोशन डिटेक्शन सिस्टम लगवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही बैंक में अवांछित लोगों के पाए जाने पर पुलिस को सूचना दिए जाने हेतु भी बताया गया। साथी टीआई बरही अरविंद जैन द्वारा अपने स्टाफ के साथ बैंकों में जाकर सुरक्षा संबंधी निरीक्षण किया गया जिसमें बैंकों के आसपास स्थित मकानों में किराए से रहने वालों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## शोक संवेदना व्यक्त करने विधायक निवास पहुंचे कांग्रेसजन



**कैमोर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्याम तिवारी के साथ नगर के कांग्रेस नेताओं ने गत दिवस बड़वारा पहुंचकर कांग्रेस विधायक विजयराघवेंद्र सिंह बसंत भैया के अग्रज शत्रुघ्नसिंह के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि विधायक बसंत सिंह के बड़े भाई सेवानिवृत्त शिक्षक शत्रुघ्न सिंह का गत दिवस 80 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। कांग्रेस नेता श्याम तिवारी, अजीत सिंह, कुक्कू मौलाना मोहम्मद हुसैन, राजेश दुबे ने विधायक श्री सिंह से मिलकर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# पीएम आवास एवं पीएम स्वनिधि योजना में गति लाने के निर्देश

## निगमायुक्त ने बैठक आयोजित कर की प्रकरणों की समीक्षा

**कटनी। शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को निर्धारित समय पर मिल सके इस हेतु आप सभी लोग एलर्ट मोड पर कार्य करें, कार्य के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर तत्काल उसका निराकरण कराएं, कार्य में किसी भी तरह की हीला हवाली बरदास्त नहीं की जावेगी, उक्त निर्देश निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने विगत संध्या नगर निगम की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदान किये।**



प्रधान मंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान बी.एल.सी एवं ए.एच.पी घटाकों के हितग्राहियों की तहसीलदार कार्यालय की ओर प्रषित की गई सूची पर अग्रिम कार्यवाही पूर्ण कराते हुए कलेक्टर से एप्रूवल कराने, संबंधित बैंकों से संपर्क करते हुए लोन डिस्वर्समेंट की कार्यवाही को गति प्रदान करने, नियमानुसार राशि का आबंटन करनें तथा पात्र हितग्राहियों को ए.एच.पी भवनों के आबंटन के निर्देश प्रदान किये गए। पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की जाकर प्रकरणों से संबंधित बैंकों एवं हितग्राहियों से सपंर्क करते हुए प्रकरणों की स्वीकृति में आनें वाली समस्याओं के निराकरण कराते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करनें हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### सड़क निर्माण में रखें गुणवत्ता का ध्यान

शहरी सड़कों पर कराये जा रहे सुधार कार्य की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष घ्यान रखने, निर्माण कार्यो की नस्तियों में सुविधा की दृष्टि से मद की जानकारी अंकित करनें तथा विगत दिवस आयोजित नगर निगम की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

### सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का 3 दिन में हो निराकरण

निगमायुक्त धाकरे द्वारा नगर निगम की विभिन्न शाखाओं पेयजल, यांत्रिकी योजना प्रकोष्ठ, प्रकाश व्यवस्था, सिविल, स्थाई अतिक्रमण, साफ-सफाई स्वास्थ्य सेवांए, सीवेज, भवन अनुज्ञा, जनकल्याणकारी योजनायें, राजस्व, अस्थाई अतिक्रमण, आवारा पशु, स्थापना पेंशन, सामान्य प्रशासन, स्थाई अतिक्रमण से संबंधित 100 दिवसों से अधिक एवं सामान्य सी.एम हैल्पलाईन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान 100 दिवस से अधिक के लंबित प्रकरणों पर आगामी तीन दिवस में कार्यवाही करते हुए शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करानें के साथ ही उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को शिकायतों को रोजाना अटेंड करने के निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त श्री धाकरे ने तीन दिवसों के अंदर अधिक से अधिक शिकायतों का निकराकरण करानें व कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करनें पर नोटिस जारी करने एवं पेनाल्टी लगानें के निर्देश प्रदान किये।

## बरही थाने में चलाया गया किरायेदारों का चेकिंग अभियान



**बरही।** पुलिस अधीक्षक कटनी सुनील कुमार जैन द्वारा जिले में अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में किरायेदारों की चेकिंग का अभियान चलाए जाने हेतु आदेशित किया गया है। जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी मनोज कुमार केडिया एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी के निर्देशन में टीआई बरही अरविंद जैन द्वारा किरायेदारों की चेकिंग अभियान चलाया गया है। जिसमें एक और बीट प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र में बैंक एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के आस-पास रहने वाले किरायेदारों की चेकिंग की जा रही है। दूसरी ओर थाना प्रभारी बरही द्वारा थाना क्षेत्र में किरायेदारों की जानकारी जमा कराए जाने हेतु अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। मकान मालिक अपने किरायेदारों की जानकारी बरही थाने में जमा कर रहे हैं। थाना प्रभारी बरही अरविंद जैन द्वारा बताया गया कि किरायेदारों की जानकारी जमा कराए जाने हेतु थाना बरही में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरिशंकर तिवारी मोबाइल नंबर 70006 42478 एवं प्रधान आरक्षक अनिल ठाकुर मोबाइल नंबर 947999 43343 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आम सूचना

मैं संकल्प अग्रवाल वल्द स्वर्गीय सुरेंद्र बी. अग्रवाल उम्र लगभग 44 वर्ष निवासी नगरिया गली, सिविल लाइन, कटनी (म.प्र.) यह आम सूचनाकर्ता है कि मेरे स्वर्गीय पिता के नाम एक वाहन एमपी 21 CA 0438 (मारूति वैगन आर वीएक्सआई E3) अतिरिक्त क्षेत्रीय परिहवन कार्यालय कटनी में पंजीकृत है। मेरे पिता का देहांत दिनांक 27.02.19 एवं माताजी श्रीमती शकुन अग्रवाल का देहांत दिनांक 26.06.1999 को हो गया है। मेरे द्वारा उक्त वाहन के अंतरण हेतु दिनांक 19.01.22 को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिहवन कार्यालय कटनी में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिहवन कार्यालय कटनी (म.प्र.) में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कराया जा सकता है।

**आम सूचनाकर्ता**
**संकल्प अग्रवाल वल्द स्व. सुरेन्द्र बी. अग्रवाल**
**नगरिया गली सिविल लाइन, कटनी (म.प्र.)**

# जबलपुर में एटीएम कैश वैन लूट की घटना के बाद सतर्क हुई पुलिस

## सुरक्षा को लेकर एसपी ने की बैंक अधिकारियों के साथ बैठक, 24 घंटे गार्ड की तैनाती पर विशेष जोर




### बेहतर सीसीटीवी कैमरों के साथ अलार्म सिस्टम दुरूस्त करने के निर्देश

**कटनी।** संभागीय मुख्यालय जबलपुर में बीतेदिनों सुरक्षा गार्डों को गोली मारकर एटीएम कैश वैन लूटने की घटना के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। गतदिवस पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने शहर के सभी बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बैंकों में बेहतर गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाएं, कैमरे नाइट विजन वाले हों ताकि बेहतर ढंग से काम करें, ये बैंक के अंदर और बाहर दोनों जगह लगाएं।

लॉकर रूम की सुरक्षा ज्यादा से ज्यादा मजबूत करें। बैंक का प्रवेश और निकास द्वार एक हो, उसमें जंजीर लगी हो ताकि एक बार में एक ही व्यक्ति प्रवेश व निकासी कर सके, बैंकों में अलार्म सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाएं, ताकि अप्रिय स्थिति पर तत्काल पता चल सके। हर बैंक में 24 घंटे गार्ड की तैनाती करें। जो गाड़ियों में एटीएम बैंक नगद परिवहन होता है तो उसमें जीपीएस, कैमरों के साथ सशस्त्र गार्ड तैनात करें। सुरक्षा में कहीं पर भी चूक नहीं होनी चाहिए। रुपयों, लॉकरों की सुरक्षा के साथ ग्राहकों की सुरक्षा पर ध्यान दें। सभी बैंक अधिकारियों से पुलिस अधीक्षक ने इस पर तत्काल अमल करने कहा है।

### उपभोक्ताओं को जागरूक करने करें उपाय

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने कहा कि इस समय ऑनलाइन फ्राड ज्यादा हो रहे हैं। उसके संबंध में बैंक में पोस्टर लगाए जाएं। बैंक के अंदर और बाहर ऑडियो-वीडियो क्लिप के माध्यम से जागरुक करें। हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, उनके बारे में बताया गया। बैंक-एटीएम सुरक्षा से संबंधित अपराधों की रोकथाम को लेकर भी चर्चा की। कहा कि बैंक में जो गार्ड तैनात रहते हैं व संदेहियों पर निगरानी रखें। ज्यादा समय तक बिना काम के कोई बैंक में ठहरा दिख रहा है तो उससे पूछताछ करें। लोगों को भी सतर्क करते रहें।

### ऑनलाइन ठगी पर भी हुई चर्चा

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, डीएसपी शालिनी परस्ते, प्रभारी सायबर सेल एवं अलग-अलग बैंकों के लगभग 50 बैंकों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे। तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन ठगी पर गहन चर्चा की गई। मामलों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए बैंकों द्वारा पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही कर पीड़ित को राहत देने निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी, संजय दुबे, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, स्टेनो रामशरण महोबिया, सूबेदार अंजू लकरा उपस्थित रहीं।



# शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार

## गर्भवती होने पर आरोपी ने छोड़ा, पुलिस ने दर्ज की एफआइआर

**कटनी।** शादी का झांसा देकर एक महिला से साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। महिला के गर्भवती होने के बाद आरोपी छोड़ दिया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत महिला थाने में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा ने बताया कि शहर के एक थाना क्षेत्र की 26 वर्षीय महिला के साथ में मुस्ताक अहमद ने शादी का झांसा देकर कई दिनों तक अपने साथ रखे रहा। बताया जा रहा है कि 2 जनवरी से लगातार उसके साथ बलात्कार कर रहा था। महिला गर्भवती भी है। अब उसे छोड़कर चला गया है। पीड़िता ने अपने साथ हुई ज्यादती की रिपोर्ट महिला थाने में की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# सड़कों पर सख्त हुआ तीसरी आंख का पहरा

## यातायात नियमों की अनदेखी करने पर 12 लोगों के घर पहुंचा चालान



**कटनी।** यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए पुलिस द्वारा अब सख्ती से कदम उठाए जा रहे हैं। नित नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। अब इसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीसरी आंख का पहरे की भी मदद ली जाने लगी है। सीसीटीवी कैमरे की नजर और भी तेज हो गई है। लिहाजा सड़क पर वाहन चला रहे हैं तो नियमों का पालन करें क्योंकि पुलिस भले ही आपको न दिखे पर पुलिस की नजर आप पर है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने 12 वाहन चालकों को महंगा पड़ गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के घर नोटिस भेजे हैं। ज्ञात हो कि जिले के पुलिस कप्तान द्वारा कुछ ही दिन पूर्व यातायात प्रभारी विनोद दुबे को नियमों का पालन ना करने वाले चालकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए थे। इसमें एस एल मेहरा, आकाश पोपटानी, रामकेश निषाद, आदित्य इंडस्ट्रीज, रामजतन चौधरी, मनीष कोल, शिवा महतो, भानूप्रताप पसारिया, सोहनलाल सेन, संजय कुमार नानवानी, लालचंद, ओमप्रकाश झामनानी पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई वाहन चलाते समय मोबाइल उपयोग, तीन सवारी पर कार्रवाई की गई है। यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बताया कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# भारत सरकार लिखी कार से पहुंच रहे गुर्गे

## दे रहे जान से मारने की धमकी, बड़वारा के ग्रामीणों ने एसपी से की सुरक्षा की मांग



**कटनी।** बड़वारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपरवाह में डोलोमाइट खनन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीण मंगलवार को फिर बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से गंभीर समस्या बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई। ग्रामीण जियालाल कोल, औसर कोल, गोपाल कोल, भूरा कोल, बहोरी कोल, तेजीलाल कोल, नत्थू कोल, काशीराम कोल, कंछेदी, मौजीलाल कोल, मुल्लू, संजय, राजू, ग्राम सरपंच आदि ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अंजनी पांडेय निवासी सिविल लाइन कटनी, विजय जायसवाल निवासी दुबे कॉलोनी जो मेसर्स अल्ट्राट्रेक सीमेंट प्रालि बिरला व्हाइट का काम देख रहे हैं। अरुण अग्रवाल और गजेंद्र उपाध्याय हैं जो परेशान कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम छपरवाह हलका भजिया पटवारी हलका नंबर 34 खसरा नंबर 8/40, 8/62 तक पत्थर खनन के लिए ग्रामीणों का सहमति पत्र कलेक्टर के पास प्रस्तुत किया गया है। बस्ती के लोगों ने कहा कि कंपनी के लोग व उससे जुड़े हुए लोग धमकी दे रहे है। डरा-धमकाकर फिर से सहमति पत्र बनवाया है। चारों लोग भारत सरकार लिखे वाहन से पहुंचते हैं, वाहन में जबरदस्ती बैठाकर ले जाने, कोरे कागज में अंगूठा लगवाने का आरोप मढ़ा है। एसपी ने उचित कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

# लोडर की ठोकर से महिला गंभीर



**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी अस्पताल के समीप एक महिला मंगलवार की शाम सड़क हादसे का शिकार हो गई है। जानकारी के अनुसार महिला दो पहिया वाहन में शहर की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में लोडर वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। वहीं हादसा कारित करने वाले लोडर को पकड़ लिया गया है।

## ओवर लोडिंग पर रीठी पुलिस ने की कार्रवाई



**कटनी/रीठी।** रीठी पुलिस के द्वारा थाने के टीक सामने वाहनों की जांच की गई। इस दौरान ट्रक क्रमांक आर.जे.09जीडी-2405 ओवर लोड मिला। जिसे पुलिस ने जप्त कर थाने में खड़ा कराया और चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि ओवरलोड वाहन एवं आवश्यक दस्तावेज ना होने की दशा में वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। आज पुलिस द्वारा क्षमता से अधिक माल भरजर जा रहे ट्रक पर चालानी कार्यवाही की गई है।

# ट्रक की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

## कैमोर-झुकेही मार्ग पर दुर्घटना




**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत कैमोर-झुकेही मार्ग पर एसीसी के मेहगांव प्लांट के पास बेलगाम ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार होने वाला युवक ग्राम मेहगांव का ही निवासी था तथा दुर्घटना के समय घर से मेहनत मजदूरी करने जा रहा था। इसीदौरान वहां से गुजर रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सड़क पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके में पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक व क्लीनर ट्रक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है और चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे कालोनी निवासी 18 वर्षीय प्रमोद पाण्डे पिता राजेन्द्र पाण्डे की एक्सीडेन्ट से आई चोंट से इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गांजा बेचते हुए पकड़ा है। बिलहरी चौकी प्रभारी के के पटेल ने बताया कि बिलहरी तालाब के पास कमलेश चौबे निवासी बंधी गांजा बेच रहा था। आरोपी के पास से 700 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

विश्वप्रसिद्ध सर्जन
डॉ.डी.यू. पाठक
एम.एस.लेप्रोस्कोपिक सर्जन
दिनांक-19 फरवरी दिन शुक्रवार
समय- सुबह 12 बजे से सायं 5 बजे तक
उपलब्ध उपचार- फिस्टुला, फिशर ऑपरेशन हेतु
नोट :- असुविधा से बचने के लिए शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन करायें।
श्री हॉस्पिटल
एम.एम. चौबे वार्ड, जबलपुर रोड कटनी
डॉ. दीपक सक्सेना
एम.एस. लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. शोभना सक्सेना
एम.एस. सर्जन (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
मो. 9425325316, 942515143, 8962262200

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent



स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% off
On Selected Merchandise
CITY Mall U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)